भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1414
दिनांक 13 फरवरी, 2025

घरों को पाइप द्वारा प्राकृतिक गैस की आपूर्ति

1414. श्री सुनील कुमार:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का प्रत्येक घर में पाइप द्वारा प्राकृतिक गैस (पीएनजी) की आपूर्ति करने की किसी योजना के कार्यान्वयन का विचार है;

(ख) यदि हां, तो उक्त योजना को बिहार के वाल्मीकि नगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सभी कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है; और

(ग) बिहार के उन जिलों का ब्यौरा क्या है जहां उक्त योजना के अंतर्गत अब तक पीएनजी कनेक्शन प्रदान किए गए हैं?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) और (ख): पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) कनेक्शन उपलब्ध कराना नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के विकास का भाग है और यह कार्य पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा प्राधिकृत कंपनियों द्वारा किया जाता है। वाल्मिकी नगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र भौगोलिक क्षेत्र (जीए) संख्या 11.07 के अंतर्गत कवर किया जाता है। पीएनजीआरबी द्वारा जीए संख्या 11.07 में सीजीडी नेटवर्ककेविकास के लिए भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) को प्राधिकृत किया गया है जिसमें बिहार के गोपालगंज, सीवान, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारणजिले और उत्तर प्रदेश का देवरिया जिला शामिल हैं। पीएनजीआरबी द्वारा अधिदेशित न्यूनतम कार्य-कार्यक्रम (एमडब्ल्यूपी) लक्ष्य के अनुसार, बीपीसीएल को वर्ष 2030 तक जीए में 10,10,999 पीएनजी कनेक्शन स्थापित करने हैं। दिनांक 31.12.2024 की स्थिति के अनुसार, 1,51,650 पीएनजी कनेक्शनों को प्रदान कराने के आनुपातिक लक्ष्य के सापेक्ष बीपीसीएल द्वारा उक्त जीए में 13,593 पीएनजी कनेक्शन प्रदान किए गए हैं।

(ग): बिहार में पीएनजी कनेक्शनों का जीए-वार आंकड़े **अनुलग्नक** में दिए गए हैं:

अनुलग्नक

घरों को पाइप द्वारा प्राकृतिक गैस की आपूर्ति द्वारा 13 फरवरी, 2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1414 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

दिनांक 30.12.2024 की स्थिति के अनुसार, बिहार में पीएनजी (डी) कनेक्शनों का जीए-वार विवरण

क्र.सं.	यूनिक जीए आईडी	भौगोलिक क्षेत्र/सीजीडी नेटवर्क	राज्य	प्राधिकृत सीजीडी कंपनी	प्राधिकार की तिथि	लक्ष्य पूरा होने की तिथि	कुल एमडब्ल्यूपी लक्ष्य	आनुपातिक एमडब्ल्यूपी लक्ष्य	उपलब्धि
1.	9.04	औरंगाबाद, कैमूर और रोहतास जिले	बिहार	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	06-सितंबर-18	04-फरवरी-29	14271	4163	4073
2.	9.05	बेगुसराय जिला	बिहार	थिंक गैस बेगुसराय प्राइवेट लिमिटेड	20-सितंबर-18	30-सितंबर-28	169787	55181	7372
3.	9.06	गया एवं नालन्दा जिले	बिहार	इंडियन-ऑयल अदानी गैस प्राइवेट लिमिटेड	20-सितंबर-18	30-सितंबर-28	37591	12218	2973
4.	10.04	अररिया, पूर्णिया, कटिहार और किशनगंज जिले	बिहार	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	29-03-2019 (दिनांक 01.01.2022 से पुनः आरम्भ)	31-मार्च-30	305200	53410	12838
5.	10.05	अरवल, जहानाबाद, भोजपुर और बक्सर जिले	बिहार	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	29-मार्च-19	05-अगस्त-29	80636	19488	14249
6.	10.06	खगड़िया,सहरसा और मधेपुरा जिले	बिहार	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	29-03-2019 (दिनांक 01.01.2022 से पुनः आरम्भ)	31-मार्च-30	24730	4328	2175
7.	10.07	लखीसराय,मुंगेर और भागलपुर जिले	बिहार	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	29-मार्च-19	05-अगस्त-29	54471	13164	11255
8.	10.08	मुजफ्फरपुर, वैशाली, सारण और समस्तीपुर जिले	बिहार	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	29-मार्च-19	05-अगस्त-29	1006975	243353	43119
9.	10.09	नवादा और कोडरमा जिले	बिहार और झारखंड	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	29-03-2019 (दिनांक 01.01.2022 से पुनः आरम्भ)	31-मार्च-30	13632	2386	1528
10.	10.10	शेखपुरा, जमुई और देवघर जिले	बिहार और झारखंड	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड	29-मार्च-19	05-अगस्त-29	37441	9049	7553
11.	11.06	दरभंगा, मधुबनी, सुपौल, सीतामढी और शिवहर जिले	बिहार	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	15-मार्च-22	31-मार्च-30	1010999	176925	25361
12.	11.07	गोपालगंज, सीवान, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण और देवरिया जिले	बिहार और उत्तर प्रदेश	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	04-मई-22	30-जून-30	1010999	151650	13593
13.	97.01	पटना जिला	बिहार	गेल (इंडिया) लिमिटेड	07-मार्च-18	31-मार्च-25	50154	46654	71345
14.	11A.02	बांका (बिहार), दुमका, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज जिले	बिहार और झारखंड	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	14-जून-22	30-जून-30	1476189	159921	575
कुल							5293073	951890	218009

स्रोतः पीएनजीआरबी

*****